तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025

13 सत्येश्वर महादेव का कंसारी समाज की महिलाओं ने किया जलाभिषेक



14 आईसीटी लैब से बदली पढ़ाई की तस्वीर, बच्चों ने ऑनलाइन प्री टेस्ट में दिखाया उत्साह








# टाइगर रिजर्व में अवैध चराई, हजारों भेड़-बकरी लेकर पहुंचे 13 लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व और सुनाबेड़ा अभयारण्य क्षेत्र में अन्य राज्यों से भेड़- बकरी चराने पहुंचे 13 लोगों को पकड़कर वन अमले ने जेल भेज दिया है। वन विभाग ने भेड़-बकरी की अवैध चराई करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान, ओडिशा, गुजरात, धमतरी और कवर्धा से लाकर अवैध रूप से 5000 से 10,000 भेड़-बकरियों को चराने की योजना बना रहे 5 डेरों को निष्क्रिय भी कर दिया है।


कार्रवाई उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट के बीट नगरार कक्ष क्रमांक 783 और बीट आमामोरा कक्ष क्रमांक 828 में की गई। यहां बिना अनुमति के हजारों भेड़-बकरी और घोड़े अवैध चराई कर रहे थे। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन के नेतृत्व में मौके पर पहुंची टीम ने दो अलग-अलग स्थानों से कुल 13 आरोपियों को पकड़ा। जिनमें से अधिकांश राजस्थान के नागौर जिले से हैं। गिरफ्तार आरोपियों में रुलादूराम व. हरजीराम (61), रामनिवास व. खाजूराम (53), रूपा व. हुकमाराम, गोपी व. कृष्णा, प्रेम व. गिरधारी, नेहरु व. पुनो, शंकर व. पुनीत और मानसिंह व. बिहारी शामिल हैं. इनके पास से बड़ी संख्या में भेड़-बकरी, घोड़े, दो मोटरसाइकिल और अन्य सामान जब्त किया ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बाहरी राज्यों से आए चरवाहे, वन्यजीवों और स्थानीय चारागाह को हो रहा था नुकसान

### ग्रामीणों ने दिया सहयोग

अभियान में आमामोरा और ओढ़ गांव के ग्रामीणों ने भी सहयोग दिया। विभाग का कहना है कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में निवास करने वाले 100 से अधिक तेंदुओं, हिरण, सांभर, नीलगाय और अन्य शाकाहारी वन्य प्राणियों की रक्षा के लिए चरागाह की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है, ताकि मानव-वन्यजीव द्वंद की स्थिति उत्पन्न न हो।





### चारागाह को पहुंच रहा नुकसान

वन विभाग के अनुसार, बाहरी राज्यों से लाए गए इन पशुओं से न केवल स्थानीय घास और चारागाह को नुकसान हो रहा है, बल्कि वे लेंटाना, पार्थेनियम गाजर घास, यूपटोरियम/" जैसी खतरनाक खरपतवारों के वाहक भी बन रहे हैं। जिससे स्थानीय वन्यजीवों और ग्रामीणों के मवेशियों को चारा संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### बघेल भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रहे: यादव



**मैनपुर।** भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा की भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रहे हैं। कांग्रेस बताए कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल किस पद पर हैं जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं, उस व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है। इसका साफ मतलब है कि भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मुंह में झोंक दिया है। उन्होंने आगे कहा कि कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए दूसरी काउंसिलिंग 28 को

**गरियाबंद ।** प्रयास आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की द्वितीय वर्गवार प्रतिक्षा सूची राज्य के विभागीय वेबसाइट में अपलोड कर दिया गया है। जिसमें अनुसूचित जनजाति एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बालक की काउंसिलिंग, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बालिका, अनुसूचित जाति बालक/बालिका, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक/बालिका एवं सामान्य वर्ग बालक/बालिका, अल्पसंख्यक बालक/बालिका की काउंसिलिंग 28 जुलाई को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने विद्यार्थियों को काउंसिलिंग में अपने समस्त अभिलेखों - प्रवेश पत्र, निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र, कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी का प्रमाण पत्र, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है, तो जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, चिकित्सा प्रमाण पत्र, सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित होने कहा है। मेरिट सूची में दर्शित अनुसार विद्यार्थी काउंसिलिंग के लिए निर्धारित तिथि एवं समय में अनिवार्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

## प्रशासन की अनदेखी से किसान और राहगीर दोनों परेशान, अब चेतावनी की बारी

# सड़कों पर मवेशियों का कब्जा, हादसों का कारण बन रहे, जनता हो रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सड़क में खड़े लावारिश मवेशी अब लोगो के जान के दुश्मन बनते चले जा रहे है। नेशनल हाइवे सहित मेन रोड में एक नही हर जगह लावारिश मवेशियो का झुंड सड़क पे खड़े रहते है। इस पर नियंत्रण के कोई उपाय नही किए जा रहे है। यातायात को बाधित कर रहे है। मवेशी जहां खड़े रहते है उस वक्त गुजरने वाले हर वाहनो का स्टेयरिंग अचानक बाएं-दाएं की ओर घुम जाता है क्योंकि मवेशी को बचाना रहता है इससे दूसरे वाहन आपस में टकराते भी है और ये सिलसिला रोज का हो गया है।

- नवापारा से राजिम तक हर मोड़ पर जानलेवा खतरा, वाहन चालकों की सांसें अटकी

नवापारा शहर से लेकर महानदी पुल और राजिम शहर में भी चौक-चौराहो से लेकर हर मेन रोड में झुंड में लावारिश मवेशियो को पूरा दिन तो दिन पूरी रात भर देखा जाता है। रात में एक दूसरे गाड़ियों के तेज रोशनी में कभी-कभी काले रंग के मवेशी नजर नही आते और दुर्घटना हो जाती है। बाइक और स्कूटी सवार तो रोज इन मवेशियो की वजह से गिरकर चोटिल हो रहे है। नवापारा बीच बस स्टेण्ड की सड़क में चौबीसो घंटे 15-20 मवेशियो का झुंड खड़े रहती है। गाड़ी वाले अपने हिसाब से साइड लगाकर निकालते है। नेशनल हाइवे 130 जो रायपुर,गरियाबंद,देवभोग,उड़ीसा को जोड़ती है। इस सड़क में दोनो शहर नवापारा-राजिम में लावारिश मवेशियो का जाल ऐसा फै ला हुआ है जिसकी कल्पना नही की जा सकती।

नवापारा बस स्टेण्ड रोड डिवाइडर के दोनो तरफ महानदी पुल तक और महानदी पुल के बाद राजिम शहर में पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक से लेकर पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक,गोवर्धन पारा चौक, जिला सहकारी केंद्रीय बैक, दत्तात्रेय मंदिर मोड़, राजिम भक्तिन माता चौक, साई मंदिर-चौबेबांधा मार्ग तक कम से कम एक हजार से ज्यादा मवेशी हर हमेशा खड़े मिलेंगे। ऐसे में आप समझ सकते है कि आने-जाने वाले लोगो को और वाहन चालको को कितनी परेशानी उठानी पड़ती होगी? उल्लेखनीय है कि मवेशी पालक अपने मवेशियो को ढीला छोड़ देते है। बारिशकाल होने की वजह से ये मवेशी बीच सड़क में खड़े हो जाते है। आए दिन लावारिश मवेशियो की वजह से दुर्घटनाएं हो रही है। दोपहिया सवार तो रोज गिर रहे है।





### किसान संघ ने जाहिर की नाराजगी

इस संदर्भ में दोनो शहर के किसान सेवा समिति ने पालिका प्रशासन को ज्ञापन देकर ठोस कदम उठाए जाने के लिए निवेदन किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि खरीफ फसल की शुरूआत के साथ ही किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जुलाई का महीना चल रहा है और खेतों में धान की फसल तेजी से बढ़ रही है, लेकिन आवारा मवेशियो का आतंक किसानों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। नगर पालिका क्षेत्र में बड़ी संख्या में मौजूद आवारा पशु खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो वे घेराव करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने नगर पालिका परिषद की नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, पार्षद अर्जुन साहू, हेमंत साहनी ,चतुर जगत सहित कई किसान मौजूद रहे। किसानों ने कहा कि अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### सीएम सख्त, बोले— ढिलाई नहीं होगी बर्दाश्त

सीएम विष्णुदेव साय ने एक बैठक के दौरान कहा है कि पशुधन विकास नगरीय प्रशासन पंचायत एवं ग्रामीण विभाग आपसी तालमेल के साथ जिम्मेदारीपूर्वक इनके समाधान की दिशा में कार्रवाई करे। इसमें किसी भी प्रकार से ढिलाई बर्दाश्त नही की जाएगी। सड़को पर घुमने वाले पशुओं के रोकथाम के लिए काऊ केचर की कार्यप्रणाली और उसके विस्तार पर भी विचार-विमर्श किया जाए। सीएम श्री साय ने विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित गांव में पशुओं के प्रबंधन हेतु प्रभावी एवं व्यवहारिक मॉडल विकसित करने के निर्देश दिए है। कहा कि हाइवे पर पशुओं की उपस्थिति केवल यातायात में बाधा नही बल्कि जानलेवा दुर्घटना का करण बनती है अतएव इस दिशा में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई आवश्यक है। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन,सीएम के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। देखना अब यह है कि गरियाबंद और रायपुर जिला प्रशासन द्वारा इन दोनो शहरो में किस तरह से कड़ाई बरतते है।

## एक भवन में ही ग्राम पंचायत कार्यालय, स्कूल व आंगनबाड़ी का संचालन



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर जनपद के नवापारा गांव में पंचायत भवन में एक ही छत के नीचे प्राथमिक स्कूल, आंगनबाड़ी और पंचायत कार्यालय का संचालन किया जा रहा है । कभी बरामदे में बच्चे किताबों में डूबे दिखते हैं, तो कभी वहीं पंचायत की बैठकें होती हैं। जब आंगनबाड़ी का संचालन होता है तो वही बरामदा बच्चों की किलकारियों से गूंजता है।

- नवापारा गांव का मामला
- बरामदे में कभी बच्चे पढ़ते, तो कभी पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक में लोग नजर आते हैं

यहां बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा दोनों सवालों के घेरे में है। स्कूल का दरवाजा टूटा है, शौचालय और पानी की सुविधा नहीं। मिड डे मील खुले आसमान के नीचे पकाया जाता है, और बच्चे खेतों के किनारे बैठकर खाना खाते हैं। पंचायत की बैठकों के दौरान तो बच्चों को बाहर ही भेज दिया जाता है। गांव में नया स्कूल भवन दिसंबर में ही बनकर तैयार हो गया है। लेकिन न जाने किस वजह से उसमें बच्चों की पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी।

### बैठक होने पर पढ़ाई प्रभावित

ग्राम पंचायत सरपंच ध्रुव सिंह ने बताया ग्राम पंचायत कार्यालय में ही स्कूल और आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है। जिसके कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत में बैठक होने पर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

# कामिका एकादशी पर छुरा में गूंजा जय श्री श्याम, भक्ति में डूबा पूरा नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कामिका एकादशी पर सोमवार रात छुरा नगर भक्ति में डूबा रहा। सांस्कृतिक भवन में श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। नगर और आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। देर रात तक बाबा के भजनों पर झूमते रहे। बिलासपुर से लाए गए बाबा के शीश का विशेष श्रृंगार किया गया। झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगीं। मंच से पुष्पवर्षा और इत्रवर्षा शुरू होते ही पूरा पंडाल श्याम नाम की गूंज से भर गया। भजन गायकों संदीप अग्रवाल और योगेश अग्रवाल ने जब गाया—हारा हूं बाबा... मेरी पलकों का घर तैयार सांवरे, तो श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कई ▶▶| शेष पेज 12 पर

- सांस्कृतिक भवन में हुआ पहला खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव



### इन्होंने निभाई सक्रिय भूमिका

आयोजन को सफल बनाने में गणेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, राजु अग्रवाल, लक्ष्मीकांत मित्तल, पप्पु चंद्राकर,आनंद सारस्वत,यशवंत यादव और उज्जवल जैन सहित आयोजन मंडल के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं ने कहा कि श्याम बाबा की भक्ति ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। ऐसे आयोजन नगर की आस्था को मजबूत करते हैं।

## गरियाबंद ब्लॉक में एचएसआरपी नम्बर प्लेट बनाने 29 तक शिविर

**गरियाबंद।** जिले में परिवहन विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के समस्त वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। जिसके अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों में लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गरियाबंद ब्लॉक में 29 जुलाई तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि 26 जुलाई शनिवार को बाजार चौक आमदी (द) में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 27 जुलाई रविवार को बाजार चौक धवलपुरडीह और 29 जुलाई मंगलवार को यात्री प्रतिक्षालय बिन्द्रानवागढ़ खम्हारीपारा में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में नागरिक एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट लगवाने के संबंध में आवेदन कर सकते हैं। जिला स्तरीय हेल्पलाईन नंबर 9981329779 से संपर्क ▶▶| शेष पेज 12 पर

## छत्तीसगढ़ की माटी में गूंजेगा हरेली का उल्लास, पारंपरिक रीति-रिवाजों से सजेगा गांव-नगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

आज गुरूवार को हरेली पर्व पूरे अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। हरेली छत्तीसगढ़ का पहला पारंपरिक त्यौहार है जिसे सावन माह के अमावस्या के दिन मनाया जाता है। सावन माह में पड़ने वाले हरेली त्यौहार का इंतजार पूरे छत्तीसगढ़ के लोगों को रहता है।

- बच्चे चढ़ेंगे गेड़ी, किसान करेंगे कृषि औजार की पूजा

छत्तीसगढ़ में परंपरा है कि हरेली के पूर्व फसल की बोवाई का काम पूर्ण कर लिया जाता है। किसान अपने कृषि औजारों धो पोछकर पूजा करते है। खेतों में मीठा चीला का भोग अर्पित किया जाता है। गाय, बैल, भैंस एवं अन्य पालतु पशुओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। पशुओं को नहलाकर सजाया जाता है। किसान पशुओं को खम्हार पत्ते पर आटे का लोई बनाकर खिलाते है। मान्यता है कि ऐसा करने से पशुओं में पेट संबंधी बीमारी दूर हो जाती है। जिससे पशु खेतों में बेहतर काम कर पाते है।

### मुख्य दरवाजे पर लगाते है नीम के पत्ते, चढ़ी जाती है गेड़ी

हरेली के दिन घर के मुख्य दरवाजे में नीम के पत्ते लगाए जाते है। नीम नकारात्मक ऊर्जा एवं कीटो से सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। हरेली के दिन बच्चे एवं युवा गेड़ी चढ़ते है। जो बांस के लकड़ी से बनाई जाती है। जिस पर चढ़कर बच्चे गांव में घूमते है। इससे मनोरंजन के साथ-साथ शरीर में स्फूर्ति भी आती है। हरेली में बच्चे काफी उत्साहित नजर आते है। यह किसानो और बच्चो का खास त्योहार है।

## कामेश एवं यश की अब मिलेगी नियमित रूप स्वास्थ्य जांच सुविधा भी

# गंभीर कुपोषित बच्चों की करेंगे देखभाल, दिया जाएगा पौष्टिक आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की स्थिति के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षकों, गणमान्य नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापारी संगठनों, मीडिया प्रतिनिधि गभीर कुपोषित बच्चों को उत्साहपूर्वक गोद ले रहे है, ताकि जिले के कोई भी बच्चे कुपोषित न रहे। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चिन्हांकित बच्चों की उचित देखभाल एवं 6 माह तक निर्धारित पौष्टिक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु सहमति प्रदान कर रहे है। इसी तारतम्य में कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने जिला मुख्यालय गरियाबंद के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 रावनभाठा के तीन वर्षीय गंभीर कुपोषित बालक कामेश ध्रुव के उचित देखभाल एवं 6 माह तक निर्धारित पौष्टिक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सहमति प्रदान की है। जिससे कि गंभीर कुपोषित कामेश को मध्यम सुपोषित श्रेणी में लाया जा सके जिससे उसका शारीरिक और मानसिक विकास अवरूद्ध न हो और वे आगामी समय में पूरी क्षमता के साथ जीवन यापन करने में सक्षम बन सके। इसी प्रकार अपर कलेक्टर नवीन कुमार भगत ने आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 मजरकट्टा के तीन वर्षीय गंभीर कुपोषित बालक यश कुमार ध्रुव को गोद लिया और के उचित देखभाल एवं 06 माह तक निर्धारित पौष्टिक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सहमति प्रदान की है।



**कुपोषण दर कम करने स्वास्थ्य शिविर कल :** जिले में कुपोषण की दर को कम करने के लिए जिला मुख्यालय के वन विभाग ऑक्सन हॉल में 25 जुलाई को मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें राजधानी रायपुर के बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर एवं उनके टीम द्वारा जिले के कुपोषित बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जाएगा।

### 920 गंभीर कुपोषित में से 680 बच्चों को लिया गया गोद

जिला कार्यक्रम अधिकारीअशोक पाण्डेय ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चिन्हांकित बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य जांच और निगरानी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले 920 गंभीर कुपोषित बच्चे है, जिसमें से 680 बच्चों को गोद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के नागरिकों में जिले को कुपोषण से मुक्त करने के लिए काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस दौरान सीडीपीओ चन्द्रहास साहू, सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं गंभीर कुपोषित बच्चों के पालकगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद को लेकर धारदार हथियार से हमला

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर एक युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया दुरपति पटेल ने एफआईआर दर्ज कराई कि उसके जेठ का लड़का योगेश पटेल पुरानी जमीन बाड़ी की बात को लेकर आपसी रंजिश रखता है। 21 जुलाई को शाम करीबन सात बजे के आसपास वह अपने पति के साथ घर के आंगन में थी, इसी बीच आरोपी योगेश पटेल एक लोहे का मुर्गा काटने वाला कत्ता लेकर आया और हम लोगों से गाली गलौच किया। साथ ही प्रार्थिया को मारने का प्रयास किया, जिससे वह भाग गई, इसके बाद उसके पति हंसराज पटेल के ऊपर जान से मारने के नीयत से प्राणधातक हमला करते हुए सिर में कत्ता से मारा दिया, जिससे हंसराज पटेल के सिर में गंभीर चोट तथा बांये कान के नीचे चोटे आई है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 109, 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### चाकू लहराकर डराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति टाउन हाल के सामने महासमुंद में एक धारदार चाकू को लहरा लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। मौके पर पहुंच आरोपी नईम अली उर्फ नानू पिता जाफर खान (22 वर्ष) निवासी वार्ड नंबर 06 नयापारा महासमुंद को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

### कृषि फार्म से 40 हजार के सामानों की चोरी

**महासमुंद।** नरतोरा स्थित कृषि फार्म से 40 हजार रुपए के सामानों की चोरी हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि भेखराम पटेल पिता दक्षराम पटेल उम्र 32 वर्ष, ग्राम नरतोरा के बिजली आफिस के पास स्थित कृषि फार्म के कमरे के अंदर में रखे 2 बोरी धान, 3 नग सबमर्सिबल पंप 5 एचपी, 2 नग धान उड़ाने का पंखा, 3 नग चेप कटर मोटर पुरानी इस्तेमाली कीमत लगभग 40,000 रुपए की चोरी हो गई। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### रोजगार सहायक ने हितग्राही से की 5 हजार की डिमांड

**महासमुंद।** जिले में आवास योजना के दूसरी किस्त जारी करने के लिए रोजगार सहायक के द्वारा ग्रामीण से 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग करने का मामला सामने आ रहा है। बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजना में भ्रष्टाचार करना गरीबों के लिए एक गंभीर समस्या उत्पन्न कर रही है। जिले के ग्राम लभराकला निवासी उधोराम यादव ने बताया है कि ग्राम पंचायत लभरा कला में कार्यरत रोजगार सहायक श्रवण कुमार सिन्हा ने दूसरी किस्त जारी करने के एवज में 5 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की है। हितग्राही ने बताया है कि पहले किस्त में उनको 40 हजार प्राप्त हुए उसके बाद उन्होंने घर का निर्माण कार्य शुरु किया। इसके बाद रोजगार सहायक द्वारा छज्जा लेवल तक करने के बाद ही दूसरी किस्त जारी होगी एवं नए नियम के अधार पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए सोख्ता गड्ढे का निर्माण करने की बात कही। घर छत ढलाई के लेवल तक आ चुका है, जिसका ढलाई एक-दो दिन बाद होनी है। रोजगार सहायक ने रिश्वत की मांग करते हुए पिछले एक महीने से सर्वे नहीं किया है और दूसरी किस्त का इंतजार करना पड़ रहा है। वे अपने खेती कार्य के लिए रखे पैसे से घर की ढलाई कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जिससे आने वाले दिनों में खेती कार्य के लिए आर्थिक तंगी जैसे समस्या से जूझना पड़ेगा। ऐसे मामलों से अब लग रहा है कि अब गरीबों को घर बनाने ने लिए मिलने वाला 1 लाख 20 हजार रुपए रिश्वत की भेंट चढ़ जा रहा है और मकान अधूरे और गरीबों का हक छिना जा रहा है। हितग्राही ने इसकी शिकायत जनपद अधिकारियों से की गई है। अधिकारियों द्वारा जांच कर रोजगार सहायक पर उचित कार्रवाई करने की बात कही गई है।

---

क्या दीपआशा वन भैंसा है या मुर्रा भैंसा? डीएनए रिपोर्ट पर रहस्य बरकरार

# ‘दीपआशा’ के जन्म के 11 साल बाद वन विभाग को आया ‘होश’ पूछा- क्या क्लोनिंग से बन सकती है? वन भैंसे की ‘ज़ेरॉक्स कॉपी’

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ वन विभाग ने 11 साल पहले विश्व की पहली वन भैंसा का क्लोन बनाने का दावा कर सुर्खियां बटोरी थी. करीबन एक करोड़ रुपए खर्च कर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की वन भैंसा आशा के सोमेटिक सेल कल्चर से दीपआशा का जन्म 12 दिसंबर 2014 को नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टिट्यूट करनाल में हुआ था. आज जंगल सफारी में रखी गई दीपाशा के जन्म लेने के 11 साल बाद वन विभाग सीसीएमबी, हैदराबाद से क्लोनिंग के संबंध में जानकारी मांगी, जिसका जवाब हैरान करने वाला है.

- सीसीएमबी हैदराबाद का चौंकाने वाला जवाब
- वन्यजीव प्रेमियों का आरोप: करोड़ों खर्च कर अब जनता का मनोरंजन कर रहा वन विभाग

#### दीपाशा वन भैंसा है या मुर्रा भैंसा?

यह जानने के लिए उसका डीएनए सैंपल कुछ साल पहले सीसीएमबी, हैदराबाद और वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया, देहरादून भेजा गया, पर रिपोर्ट नहीं आई. कुछ लोगों का दावा है कि पोल नहीं खुल जाए इस लिए वन विभाग ने रिपोर्ट रुकवा दी है. वन्यजीव प्रेमियों के डीएनए रिपोर्ट मंगाने दबाव के चलते छत्तीसगढ़ वन विभाग ने डीएनए रिपोर्ट बुलाने की बजाए 11 साल बाद मार्च 2025 में सीसीएमबी हैदराबाद से पूछा कि “क्या तकनीकी रूप से जंगली भैंस की क्लोनिंग विधि से ज़ेरॉक्स प्रतिलिपि बनाना संभव है, जहाँ क्लोनिंग के लिए अंडाशय और अंडाणु बूचड़खाने से प्राप्त किए जाते हैं?





CCMB
CENTRE FOR CELLULAR AND MOLECULAR BIOLOGY
Subject: Opinion Regarding Clone Wild Buffalo Deepasha

#### सीसीएमबी हैदराबाद ने कहा- संभव नहीं

वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने सूचना के अधिकार के तहत निकाले गए दस्तावेजों को हवाला देते हुए बताते हैं कि सीसीएमबी ने लम्बा जवाब दिया, जिसमे लिखा है कि जंगली भैंस क्लोन (दीपआशा) के मामले में, संभवतः इसे घरेलू भैंस से कुछ एमटी डीएनए विरासत में मिला है, क्योंकि क्लोनिंग के लिए उपयोग किए गए अंडकोशिकाएं घरेलू भैंस से प्राप्त हुई थीं. पर जवाब के अंत में जो तकनीकी जवाब दिया उसका मतलब है कि आज की तकनीक से लुप्तप्राय जानवर का क्लोन बनाकर उसका डीएनए जंगली (डोनर) जानवर से पूरी तरह मिलाना संभव नहीं है।

#### डीएनए टेस्ट रिपोर्ट आएगी तो बदनामी होगी

दीपाशा को कैद से मुक्त कराने के लिए वर्षों से संघर्षरत रायपुर के नितिन सिंघवी ने प्रश्न किया कि दीपाशा दिखने में ही मुर्रा भैंस है, तो उसे बंधक बनाकर क्यों रखा गया है? उसे छोड़ क्यों नहीं दिया जाता? दीपाशा कोई वन भैंसा नहीं है, बल्कि एक आम घरेलू मवेशी है. चिड़ियाघरों में घरेलू मवेशी रखने की अनुमति नहीं है. दीपाशा ने अपनी आधी ज़िंदगी सलाखों के पीछे गुज़ारी दी है; अगर उसे प्राकृतिक जीवन जीने दिया जाता, तो वह अपने जीन पूल को बढ़ाने का कर्तव्य निभाती, जिसकी प्रकृति हर जीव से अपेक्षा करती है।

---

## जिला स्तरीय सुशासन शिविर मड़ेली में अधिकारियों ने दी समस्याओं के निराकरण की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

जनपद पंचायत छुरा की ग्राम पंचायत मड़ेली में 23 जुलाई को जिला स्तरीय सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लॉक की 15 पंचायतों के सरपंच, जनपद सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिससे ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में हो रही प्रगति का पता चला.

- 15 पंचायतों के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने लिया भाग
- मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आयोजित हुआ शिविर

इस अवसर पर कलेक्टर भगवान सिंह उईके, ऋषा ठाकुर एसडीएम छुरा, नवीन भगत अपर कलेक्टर, शतीस चंद्रवंशी सीईओ जनपद छुरा, मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद छुरा और तुलेश्वर सोनवानी उपाध्यक्ष जनपद छुरा आदि मौजूद रहे। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिनमें जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर और अवध राम साहू शामिल थे। साथ ही, सरपंच संघ छुरा के अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव और संरक्षक अशोक कुमार ध्रुव भी मौजूद रहे।



विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की, जिनमें ग्राम पंचायत गायडबरी से करण ध्रुव, पंक्तियां से लता ध्रुव, पिपरछेडी से निराबाई ध्रुव, करकरा से बहुर दीवान, कनेसर से योगेश कुमार ध्रुव, जरगांव से रुपउ राम ध्रुव, खड़मा से जगबाई ध्रुव, हर्दी से गोमती ध्रुव, देवरी से दिलीप कुमार ध्रुव, खरखरा से लता ध्रुव, करचाली से चेमिन दीवान, खैरझिटी से डागेशवर दीवान और लोहझर से यशवंत ठाकुर शामिल थे। इसके अतिरिक्त, के.एस. नागेश पंचायत इंस्पेक्टर और प्रवीण साहू जिला अध्यक्ष सचिव संघ गरियाबंद भी इस शिविर में सम्मिलित हुए। इस जिला स्तरीय सुशासन शिविर को सफल बनाने में मडेली सेक्टर के सभी 15 पंचायतों के सरपंचों और सचिवों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। यह शिविर मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुँचाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

---

## नियमों को ताक पर रखकर शिक्षा विभाग ने दी अनुकम्पा नियुक्ति!

**गरियाबंद।** शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2024 में की गई 22 अनुकम्पा नियुक्तियों पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने आरोप लगाया है कि नियुक्ति प्रक्रिया में नियमों को दरकिनार कर मनमानी की गई। उनके मुताबिक, नियुक्ति आदेश जारी करने से पहले छानबीन और कलेक्टर की अनुमोदन प्रक्रिया पूरी नहीं की गई।

- जिला पंचायत सदस्य ने लगाए गंभीर आरोप

संजय नेताम ने बताया कि शासन की 15 अप्रैल 2024 को जारी गाइडलाइन में स्पष्ट उल्लेख है कि अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित की जानी चाहिए। कलेक्टर के अनुमोदन के बाद ही आदेश जारी होना चाहिए, लेकिन शिक्षा विभाग ने इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि रिक्त पदों का ध्यान रखने के बजाय मनचाहे स्थानों पर पोस्टिंग दी गई। नेताम ने सवाल उठाया कि आखिर कौन-सी जानकारी छिपाई जा रही थी, जिसकी वजह से प्रशासनिक मुखिया का अनुमोदन जरूरी नहीं समझा गया? उन्होंने मामले की जांच की मांग की है।



#### तत्कालीन डीईओ का दावा, नियमों के मुताबिक हुई कार्रवाई

इस मामले पर तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सारस्वत ने सफाई देते हुए कहा कि नियुक्तियां तय गाइडलाइन के अनुसार समिति बनाकर की गईं। कलेक्टर की अनुमोदन प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं थी।

#### जांच होगी: अपर कलेक्टर

अपर कलेक्टर अरविंद पांडेय ने स्वीकार किया कि नियुक्तियों में कलेक्टर से अनुमोदन नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी।

---

### खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप कल करेंगे पदभार ग्रहण

**राजिम।** खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप शर्मा 25 जुलाई को दोपहर 3 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम साइंस कॉलेज रायपुर में एक गरिमामय समारोह में पदभार ग्रहण करेंगे। जिला भाजपा के वरिष्ठतम नेता जितेंद्र सोनकर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम विष्णुदेव साय मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम अरूण साव,डिप्टी सीएम विजय शर्मा,खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल तथा मंत्रीमंडल के सभी मंत्री केदार कश्यप,ओपी चौधरी,रामविचार नेताम,टंकराम वर्मा,श्याम बिहारी जायसवाल, लखन लाल देवांगन,लक्ष्मी राजवाड़े,रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल,महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी,राजिम विधायक रोहित साहू, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के अध्यक्ष संजय श्रीवास्त, रायपुर महापौर मीनल चौबे विशेष रूप से मौजूद रहेंगी।



---

## पटवारी पर लापरवाही का आरोप, एसडीएम ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**गरियाबंद।** तहसील गरियाबंद के ग्राम कोदोबतर के पटवारी आशीष चतुर्वेदी को भूमि संबंधी जांच रिपोर्ट में कथित लापरवाही बरतने के आरोप में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह मामला एक व्यावसायिक प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन के आवेदन से जुड़ा है, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गरियाबंद निवासी रिजवान मेमन ने ग्राम कोदोबतर के खसरा संख्या 184 एवं 185 को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया है। इस प्रकरण के संबंध में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गरियाबंद द्वारा पटवारी आशीष चतुर्वेदी को 27 बिंदुओं का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु पत्र जारी किया गया था.

आरोप है कि पटवारी चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के कंडिका 04 में आवेदित भूमि को शासन द्वारा आवंटित भूमि नहीं होना उल्लेख किया गया है, जबकि शासकीय अभिलेखों से यह भिन्न पाया गया है। आवेदित भूमि, ग्राम कोदोबतर, प.ह.नं. 01, खसरा नंबर 184 और 185 (रकबा क्रमशः 0.50 और 0.30 हेक्टेयर), का रिनंबरिंग सूची के अनुसार पुराना खसरा नंबर 57 और 58 है. वर्ष 1955-56 के अधिकार अभिलेख में खसरा नंबर 57 ‘बड़े झाड़ का जंगल’ और खसरा नंबर 58 ‘घास मद’ में दर्ज था। इसके अलावा, पुराना खसरा नंबर 57 और 58 वर्ष 1974-75 से 1978-79 के खसरा पांचसाला में खसरा नंबर 57 ‘बड़े झाड़ का जंगल मद से काबिल काश्त’ और खसरा नंबर 58 ‘घास मद से काबिल काश्त’ होना पाया गया है. वहीं, वर्ष 1983-84 के राजस्व रिकॉर्ड में खसरा नंबर 57/2 और खसरा नंबर 58 ‘भूमिस्वामी हक’ में दर्ज है. एसडीएम कार्यालय द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि पटवारी द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट में भूमि खसरा नंबर 57 एवं 58 के मद में परिवर्तन और शासन द्वारा भूमि आवंटित होने के संबंध में जानकारी छिपाकर गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। इसे एक शासकीय सेवक द्वारा अपने कार्य के प्रति घोर लापरवाही का द्योतक माना गया है। यह शासन के प्रति कर्तव्यनिष्ठ एवं अपने उच्च अधिकारी के प्रति सत्यनिष्ठ न होने को दर्शाता है.

इस कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के प्रावधानों के विपरीत माना गया है और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की बात कही गई है। पटवारी आशीष चतुर्वेदी को इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है। ऐसा न करने पर एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

---

बिजली के स्कूलों और आंगनबाड़ियों में चिकित्सा शिविर

# दांतों की नियमित सफाई से सड़न से हो सकेगा बचाव

**फिंगेश्वर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर अंतर्गत आरोग्य मेला का आयोजन मड़वाडीह एवं बिजली के सभी विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में दंत चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंकिता अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा बच्चों के दांतो का परीक्षण कर किया गया। परीक्षण उपरांत दांतों मे होने वाली बीमारी एवं उनके रोकथाम के उपाय बताए गए। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विरेंद्र हिरोंदिया के आदेशानुसार मेले का आयोजन किया गया।






परीक्षण के दौरान स्वास्थ विभाग के उदित कुमार ध्रुव काउंसलर, प्रीति तुमनिया आर.एच.ओ, पल्लवी सोनी सी.एच.ओ. की सहभागिता रही। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव एवं मुख में होने वाली बीमारियों के बारे में जैसे मुंह का कैंसर,हृदय रोग,फेफड़ो का रोग एवं ब्रश करने का सही तरीकों के बारे में जानकारी देते हुए डॉक्टर अंकिता अग्रवाल ने आगे बताया कि दांत एक कठोर बाहरी परत से ढंके होते है, जिसे इनेमल कहते है। प्रतिदिन सभी के दांतों पर डेंटल प्लाक नामक बैक्टीरिया की एक परत जम जाती है। प्लाक में मौजूद बैक्टीरिया एसिड उत्पन्न करते हैं जो इनेमल को नुकसान पहुंचा सकते हैं और कैविटी का कारण बन सकते है। नियमित रूप से ब्रश करने एवं दांतों की सफाई करने से दांतों की सड़न से बचा जा सकता है। अगर आप अपने दांतों की जांच नहीं कराते तो दांतों की सड़न और मसूड़ो की बीमारी जैसी दंत रोगों को बढ़ा सकते हैं। अपने दांतों और मुंह की उचित देखभाल न करने से हृदय रोग,स्ट्रोक और मधुमेह जैसी स्वास्थ्यगत समस्याएं हो सकती है। सभी को नियमित रूप से ब्रश करते हुए अपनी दांतों की साफ सफाई जरूर करनी चाहिए। उन्होंने आगे तंबाकू नियंत्रण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि तम्बाकू के सेवन से मुँह में कैंसर और फेफड़ों के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है।धूम्रपान की सेवन से खून में निकोटिन की मात्र बढ़ जाती है जिससे आंखों का लाल होना,धुंधला दिखाई देना,आंखों की रोशनी कम हो जाती है। धूम्रपान से कैंसर,हृदय रोग,फेफड़ों के रोग आदि होती है.संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि नशा इंसान को अंदर से खोखला कर देता है। नशा नाश की जड़ है। नशापान की सेवन से शारीरिक,मानसिक एवं बौद्धिक शक्ति का विघटन हो जाता है। धूम्रपान से श्वसन में कमी,खांसी और कफ से संबंधी समस्या होती है। अतः हमें नशापान से दूर रहना चाहिए।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा,योगेश सोनकर रेखा सोनी, संतोषी गिलहरे,शिक्षक नकुल राम साहू,क्लर्क तोमन साहू व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

---

## पेज 11 के शेष

### टाइगर रिजर्व में अवैध...

गया है. आरोपियों पर भारतीय वन अधिनियम 1927 और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को 21 जुलाई को माननीय न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गरियाबंद की अदालत में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें रिमांड पर जेल भेजा गया है. शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी है. साथ ही चार लाख रुपये की सुपुर्दगी राशि वसूलने की कार्रवाई भी की जा रही है।

**कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका :** कार्रवाई में बरुण जैन उपनिदेशक, गोपाल कश्यप सहायक संचालक मैनपुर, जगदीश प्रसाद दर्रो सहायक संचालक तौरेंगा, अमर सिंह ठाकुर परिक्षेत्र अधिकारी कुल्हाड़ीघाट, चंद्रवली ध्रुव, धर्मेन्द्र सोनबानी, मनोज ध्रुव, राकेश मारकण्डेय, टकेश्वर देवांगन सहित पेट्रोलिंग स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।

### कामिका एकादशी पर...

की आंखों से आंसू छलक पड़े। हाथ उठाकर बाबा का स्मरण किया। भजन में नगर के सभी वर्ग लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया विशेष कर महिलाओं ने अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्याम भजन का आनंद लिया, नगर में यहां पहला आयोजन होने की वजह से लोगों में उत्साहित रहे है, कार्यक्रम में सभी लोगों ने श्रीफल चढ़ा कर अखंड ज्योत में घी अर्पित की गई बाबा से अपनी मन्नत मांगी गई एसा कहा गया है कि बाबा हारे का सहारा है और आज दुनिया में हर व्यक्ति किसी स्थिति से हारा हुआ है और आज हारे हुए के साथ खड़े होने के लिए हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा, साथ सभी ने भजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### गरियाबंद ब्लॉक में एचएसआरपी...

कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने हेतु वाहन की आर.सी. बुक, आधार कार्ड छायाप्रति एवं मोबाइल नंबर प्रस्तुत कर आवेदन भी किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### लोमष ऋषि आश्रम में कल से 9 अगस्त तक किए जाएंगे वैदिक श्रावणी अनुष्ठान



**नवापारा-राजिम।** कुलेश्वर मंदिर के पास लोमष ऋषि आश्रम में 25 जुलाई से 9 अगस्त तक वैदिक श्रावणी अनुष्ठान का आयोजन होगा। आयोजक डॉ. स्वामी पन्नालाल वशिष्ट ने बताया कि ऋषि परंपरा विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच 6 देव कन्याओं की मौजूदगी में संगीतमय आध्यात्मिक एवं धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम ब्रम्हमुहुर्त से तीन घंटे वैदिक वेदपाठ,सावन के प्रत्येक सोमवार सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर ओडिशा के पंडित टीमन पांडे द्वारा तांत्रोक्त विधि से पूजन अभिषेक कराया जाएगा। तीसरे चरण में दोपहर 1:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक सत्य सनातन धर्म पर वैदिक व्याख्यान पंडित अश्वनी प्रसाद दुबे करेंगे। चतुर्थ चरण में पंडित विशालदास वैष्णव द्वारा प्रभु महिमा कथा पुराण किया जाएगा। श्री वशिष्ट ने बताया कि 2 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे से विशिष्ट पंचविभुतियों जिसमें चिकित्सक,शिक्षक, व्यवसायी,साहित्यकार और पत्रकार तथा समाजसेवकों का सम्मान किया जाएगा। अमावस्या के अवसर पर पितृय यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन भी किया जाएगा। यह आयोजन गुरुवार को होगा। इस आयोजन में कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है। आयोजन का समय शाम 4:30 से 6:30 बजे तक रखा गया है।

# सत्येश्वर महादेव का कंसारी समाज की महिलाओं ने किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नगर के मध्य में विराजमान कंसारी समाज का गौरव, लोगों की श्रद्धा व आस्था के केन्द्र श्री सत्यनारायण मंदिर में कंसारी महिला संगठन कसेर समाज द्वारा सावन माह के दूसरे सोमवार को भगवान सत्येश्वर महादेव का जलाभिषेक किया गया।

मंदिर प्रांगण में भगवान सत्येश्वर महादेव की विधिविधानपूर्वक पूजन बेल पत्र ,पुष्प ,दूध चांवल ,श्रीफल, श्रृंगार अर्पित कर मंदिर के पुजारी पं भागवत प्रसाद मिश्रा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया गया। समाज के सभी भक्तजनों ने पंक्तिबद्ध बोलबम के नारे एवं ओम नमः शिवाय .हर हर महादेव के जाप के साथ शिवलिंग का अभिषेक किए। तत्पश्चात भजन मंडली ने जप हर हर, हर भोले ..बाबा तेरी क्या बात है..मेरा भोला है भंडारी ..जैसे सुमधुर भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी, पूरा माहौल शिवमय हो गया। इस अवसर पर भजन मंडली के अध्यक्ष नंदलाल कंसारी ने कहा भगवान शिव जी की कृपा हम सभी पर बनी रहे । भोले बाबा सच में भोले हैं जल अर्पित करने से ही प्रसन्न हो जाते हैं ,बस भावनाएं सही होनी चाहिए।



**इनका रहा योगदान**

आभार महिला संगठन सचिव धर्मीन कंसारी ने किया। प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी, युवा संगठन, भजन मंडली,महिला संगठन, सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अध्यक्ष सहदेव कंसारी ने कहा कि आज पूरा समाज शिव भक्ति में लीन है। प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी जलाभिषेक के कार्यकम में सभी ने उत्साह दिखाया शिव जी की भक्ति मे असीम शक्ति होती हैं। महिला संगठन अध्यक्ष सरोज कंसारी ने कहा कि शिव को प्रसन्न करने के लिए जलाभिषेक का विशेष महत्व है। जल पवित्रता का सूचक हैं। इसी को भगवान को अर्पित करके श्रद्धालु भगवान से अपने मन की पवित्रता, स्वच्छता व हृदय में सद्भावना की कामना करते हैं। शिव जिसका अर्थ कल्याण है। भगवान शिव की आराधना अनादि काल से चली आ रही है। हर मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए शिव की आराधना की जाती है।

### मड़ेली में लगा विशेष समाधान शिविर, पीपरछेड़ी जलाशय को मिली स्वीकृति

# हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से शिविर में किया गया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सुशासन तिहार के तहत ग्राम मड़ेली में 23 जुलाई को एक विशेष समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 9 मई को हुए समाधान शिविर में की गई घोषणाओं पर हुई प्रगति की जानकारी दी गई। विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

- पोषण आहार किट वितरण, अन्नप्राशन, और नवीन राशन कार्ड सहित कई लाभ दिए गए

कलेक्टर बी.एस. उइके ने आज मड़ेली में आयोजित विशेष समाधान शिविर में बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं में से बहुप्रतीक्षित पीपरछेड़ी जलाशय के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है, साथ ही अन्य घोषणाओं पर भी शासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदनों मांग, समस्या और शिकायत से संबंधित के निराकरण की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर बी.एस. उइके ने शिविर में लगाए गए विभागीय





स्टॉलों का अवलोकन किया और लोगों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी तथा लाभान्वित की जा रही गतिविधियों का जायजा लिया. यह विशेष समाधान शिविर मड़ेली सेक्टर के अंतर्गत आने वाले 15 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों के लिए आयोजित किया गया था।

#### हितग्राहियों को सामाग्री का वितरण

शिविर में कलेक्टर और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट प्रदान कर गोदभराई रस्म निभाई और तीन शिशुओं का अन्नप्राशन किया. ग्राम पंचायत मड़ेली के सरपंच श्री अशोक ध्रुव और उप सरपंच श्री जसप्रीत सिंह ने दो-दो गंभीर कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक सामग्री प्रदान की। कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को अरहर बीज मिनी किट वितरित किए गए. खाद्य विभाग ने 08 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड और 10 लोगों को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम श्रीमती ऋषा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मीरा ठाकुर, सीईओ सतीश चंद्र वंशी, जनपद सदस्य श्रीमती सुखबती ताण्डेय, अवधराम साहू, श्रीमती मुंगेश्वरी ठाकुर, श्री महेंद्र कुमार ध्रुव, पंकज निर्मलकर, पन्ना लाल ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## प्रिंटिंग प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन ने पंचकोशी धाम यात्रा एवं जन जागरण अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

प्रिंटिंग प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन ने सावन उत्सव के तहत पंचकोशी धाम यात्रा की शुरूआत पटेश्वर महादेव से किए। इस दौरान इस एसोसिएशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण पौधारोपण, सड़क यातायात सुरक्षा एवं सावधानी, पॉलिथीन से होने वाले नुकसान , बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसे विषयों के बेनर ,पोस्टर के माध्यम से जन जागरण अभियान भी चलाया। सभी जगह बेनर पोस्टर लगाते हुए बोल बम के नारे और भक्ति संगीत के साथ पंचकोशी धाम यात्रा की। यात्रा पटेश्वर महादेव से चंपेश्वर, ब्रम्हनेश्वर, फनिकेश्वर ,कोपेश्वर होते हुए कुलेश्वर महादेव पहुंची।

इस संबंध में संघ के संरक्षक डीके साहू ,सचिव त्रिलोक साहू ने बताया कि सावन उत्सव के रूप में हर वर्ष प्रसादी वितरण का कार्यक्रम करते आ रहे हैं, इस बार इसका स्वरूप बदलकर पंचकोशी धाम यात्रा एवं जन जागरण अभियान के रूप में चलाया गया हैं। पंचकोशी धाम यात्रा एवं जन जागरण अभियान के संबंध में अध्यक्ष टुकेश सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में नगर एवं आसपास में हो रहे दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं से दिल दहल जा रहा है क्यों ना इस बार सावन उत्सव में भगवान भोलेनाथ से वर्तमान ज्वलंत समस्याओं से निजात हेतु आशीर्वाद मांगा जाए इस हेतु यह आयोजन संपन्न किए। आयोजन में प्रमुख रूप से बसंत प्रजापति, अभिजीत चौधरी, देवेंद्र साहू, दयालु साहू , छगेश्वर साहू, आकाश बाघ, दिलीप निषाद, ओमप्रकाश साहू ,सुदामा साहू उपस्थित थे।

#### इनका रहा योगदान

आयोजन को सफल बनाने में धनेश्वर साहू संरक्षक, मुरली चक्रधारी, सुशील सिंघई, महितोश शर्मा ,कोमल साहू, दीपक साहू , आकाश जैन ,जयंत साहू , दिलीप निर्मलकर, डिगेश्वर साहू, जीतू साहू ,राजू कंसारी रेवानंद पटेल, दीपक सेन , हरिश साहू ,चेतन साहू ,रोशन साहू अनिल यादव, अशोक सिंहा, सुरेश तारक ,प्रदीप वर्मा ,प्रेम साधवानी, प्रभात जैन, शेखर साहू का शानदार योगदान रहा।

## श्री विशुद्ध सागर महाराज के दर्शन कर प्रवचन का उठाया लाभ



**नवापारा-राजिम।** शहर दिगंबर जैन समाज का एक बड़ा यात्रा दल ने हाल ही में कुंडलपुर, विरागोदय तीर्थ और अन्य पवित्र स्थलों की यात्रा की। इस दौरान उन्होंने कुंडलपुर स्थित बड़े बाबा के दर्शन,अभिषेक, पूजन और विधान संपन्न किए। यात्रा के पहले दिन शाम तक समाज के सदस्य विरागोदय तीर्थ पहुँचे, जहाँ पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के दर्शन और प्रवचन का लाभ उठाया। अगले दिन प्रातःकाल आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेंट का पुण्य अवसर समाज को प्राप्त हुआ। इसके बाद, पुण्योदय से आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज की आहार चर्या नवापारा राजिम के दिगंबर जैन समाज के चौके में निर्विघ्न संपन्न हुई। आहार के पश्चात आचार्य श्री और मुनि श्री सुव्रत सागर जी महाराज के साथ समाज के पदाधिकारियों, प्रतिष्ठाचार्य विनोद कुमार ,पंडित ऋषभ शास्त्री और अन्य सदस्यों ने विस्तृत चर्चा की। इसी दौरान आचार्य श्री ने 19 से 25 जनवरी 2025 तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की तिथि की घोषणा की, जिसे लेकर समाज में उत्साह का माहौल है।

इस तीर्थयात्रा के दौरान यात्रा दल ने बहोरीबंद, पटेरिया और कोनी तीर्थ के भी दर्शन किए। यह यात्रा समाज के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और नए संकल्पों के साथ संपन्न हुई। समाज के अध्यक्ष अखिलेश जैन ने कहा कि यह यात्रा सभी के लिए पुण्य और प्रेरणादायी रही तथा आगामी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों में जुट गए हैं।

## स्पीड पोस्ट बंद होने से बेरोजगार हो रहे परेशान

**छुरा।** पोस्ट ऑफिस में स्पीड पोस्ट बंद होने से बेरोजगार काफी परेशान हो रहे हैं। उन्हें अपना आवेदन देने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। आवेदन की समय तिथि खत्म होने को है, जब नजदीक में राखी जैसा त्यौहार है जिसमें दूर निवासी भाई-बहन राखी को पोस्ट के माध्यम से भेजते हैं। पोस्ट ऑफिस में स्पीड सेवा बंद होने की वजह से अन्य लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। स्थानीय बेरोजगार अपना आवेदन भेजने के लिए सुबह 8 बजे से लाइन में लगे रहे, किंतु उसके बावजूद भी उनका आवेदन पोस्ट ऑफिस में नहीं लिया जा रहा है। क्योंकि आवेदन का समय सुबह 9 बजे से 3 तक है स्थानीय में बंद होने की वजह से लोग जिला मुख्यालय के पोस्ट ऑफिस कार्यालय पहुंच रहे हैं। किंतु वहां भी लंबी लाइन का सामना करना पड़ रहा है। लोग 5-7 घंटे लाइन लगाकर स्पीड पोस्ट से वंचित हो जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोस्ट ऑफिस में स्पीड पोस्ट के सॉफ्टवेयर लॉन्च 22 जुलाई को किया गया है। जिसके इंस्टॉल होने सहित अन्य प्रक्रिया में समय लग रहा है। यहां पर लो स्पीड एवं हाई स्पीड नेट होने के दोनों का समन्वय एवं प्रिंटर खराब होने जैसी नेट होने के दोनों का समन्वय एवं प्रिंटर खराब होने जैसी समस्याओं से स्थानीय पोस्ट ऑफिस कार्यालय में है।




इसका नुकसान स्थानीय बेरोजगारों को भुगतना पड़ रहा है। उन्हें अपना आवेदन भेजने के लिए 40 से 50 किलोमीटर दूरी तय करके जिला मुख्यालय पहुंचना पड़ रहा है। वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न पदों हेतु आवेदन मंगाया गया है। जिसकी अंतिम तिथि 28 जुलाई होने की वजह से सभी अभ्यर्थी अपना आवेदन जितनी जल्दी भेजने के लिए लगे हुए हैं, किंतु स्पीड पोस्ट में लोगों को निराश किया है, इस संबंध में स्थानीय पोस्टमास्टर बसंत दीवान ने बताया कि अपडेट किया जा रहा है। जिसमें समय लगेगा और इसके अलावा इंटरनेट एवं प्रिंटर की समस्या है एक-दो दिन में इसका हल निकल जाएगा।

## वातावरण को पेड़ रखते हैं स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त



**नवापारा-राजिम।** ग्राम परसदा में कर्मचारी संघ एवं सामाजिक बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम पर गाँव के खेल मैदान पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर गाँव के क्रीड़ा मैदान में नीम, पीपल, बादाम, बरगद, करंज, गुलमोहर आदि 27 बड़ा पौधा एवं जिनेन्द्र साहू द्वारा 5 पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के संयोजक पूरन लाल साहू ने कहा कि पेड़ पौधे वातावरण को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखते है. पौधा लगाना केवल एक क्रियाकलाप नहीं बल्कि यह प्रकृति से जुड़ने का संकल्प है। हमें न केवल पौधे लगाने चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखरेख भी हमारी जिम्मेदारी है।

दुष्यंत वर्मा ने कहा कि पौधारोपण का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और पृथ्वी की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना है। प्रवीण वर्मा ने कहा कि पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। पर्यावरण हर किसी के जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि पर्यावरण से ही पृथ्वी पर जीवन संभव है। सूखेन साहू ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे लिए जीवन रक्षक की तरह हैं इसलिए वृक्ष के महत्व को समझते हुए हम सभी को अपने पर्यावरण को बचाने में सहयोग करते पौधारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक पूरन साहू,प्रवीण वर्मा,विजय कुमार साहू,कमल नारायण साहू,दुष्यंत वर्मा,सुखेन साहू,ओमप्रकाश साहू,अशोक खुटियारे,देवनाथ साहू दीपक साहू,उकेश तारक, दीपक तारक, प्रेमलाल बारले,भोजराम वर्मा क्रांति वर्मा,भुनेश्वर तारक,परसू साहू,चंद्रशेखर साहू,गिरिराज वर्मा लोमश लहरी, राहुल खुटियारे,विक्रम,शेखर साहू, जिनेन्द्र साहू धनराज महिलांग उपस्थित थे।

फोटो नं 11

## आत्मानंद स्कूल में 155 बच्चों- ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण, एनीमिया पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आत्मानंद स्कूल प्रांगण में त्रैमासिक स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्ताल्पता एनीमिया के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में कक्षा 8वीं से 10वीं तक के बच्चों को एनीमिया की विस्तृत जानकारी दी गई और उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में 30 बच्चों में हीमोग्लोबिन प्रतिशत की कमी पाई गई। बच्चों के अलावा, शिक्षकगण और उपस्थित ग्रामीणों का भी रक्त जांच, शुगर जांच और रक्तचाप की जांच की गई। सभी लोगों की आयुर्वेदिक और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से चिकित्सा की गई और उन्हें रक्ताल्पता से संबंधित पोषण किट भी वितरित किया गया। शिविर में कुल 155 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

- आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आयुर्वेदिक और होम्योपैथी पद्धति से उपचार, पोषण किट भी वितरित



**इनका रहा योगदान :** इस अवसर पर मैनपुर आत्मानंद स्कूल के प्रिंसिपल बी. एस. नागेश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन में प्रभारी डॉ. सुमन बागची, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. प्रिया वर्मा, ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मस्कुलो स्केलेटल चिकित्सक डॉ. राहुल घृतलहरे और औषधालय सेवक बालाराम ध्रुव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्राथमिक शाला प्रधान पाठक जावेद मेमन, शिक्षिका श्रीमती रामेश्वरी ध्रुव, शिक्षिका श्रीमती कमला देवांगन और आत्मानंद स्कूल के सभी शिक्षकगण ने भी विशेष सहयोग दिया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन आसिफ खान द्वारा किया गया।

### जैविक खेती से बढ़ेगी फसलों की गुणवत्ता, मिटेगा रसायनों का जहर

# मिट्टी बचाएगा जीवामृत, खेतों को फिर से बनाएगा उपजाऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशको के अत्यधिक उपयोग से खेतों की मिट्टी दिन ब दिन बेजान होती जा रही है, और इससे तैयार फसलें सेहत के लिए भी खतरा बनती जा रही है, अब किसानों को एक बार फिर प्राकृतिक खेती की ओर रुख करना चाहिए। भावेश कुमार शांडिल्य वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने बताया कि रासायनिक खाद का कीमत भी अधिक है, उनका असंतुलन तरीके से उपयोग के कारण जमीन की भौतिक एवं रासायनिक स्थिति में परिवर्तन हो रहा है । जिसके कारण अधिक खाद डालने पर भी उत्पादन नहीं बढ़ रही है।

- रासायनिक खेती से सेहत और मिट्टी दोनों पर खतरा
- किसान खुद बना सकते हैं कम लागत में जैविक खाद, रासायनिक निर्भरता होगी खत्म

इसलिए सभी किसानों को जैविक खेती करने की सलाह दी गई । सभी किसान कम से कम आधा एकड़ में अपने खाने के लिए जैविक तरीके से धान की खेती करें। अपने विकासखंड के सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में किसानों से करने हेतु निर्देशित किया गया है।

सभी किसानों को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोमन लाल ठाकुर, संजय बघेल ने कहा कि इस दिशा में जीवामृत किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ ही फसलों की गुणवत्ता भी सुधारती है। कई अध्ययन और वैज्ञानिक चेतावनियां यह साबित कर चुकी है कि केमिकल युक्त खेती से केवल फसलें जहरीली हो रही है, बल्कि उन्हें खाने से कैंसर, हार्मोनल असंतुलन और पाचन संबंधी रोग जैसी गंभीर बीमारियां भी हो सकती है, साथ ही, लंबे समय तक रासायनिक उर्वरक के उपयोग से मिट्टी की संरचना और उपजाऊ क्षमता भी नष्ट हो जाती है।

#### स्वाद पोषण और पैदावार में सुधार

जीवामृत के इस्तेमाल से किसानों को कई फायदे होते हैं, रासायनिक खाद पर निर्भरता खत्म होती है और पोषक तत्वों से भरपूर फसले तैयार होती है और मिट्टी में जीवाणुओं की संख्या बढ़ती है, जिससे उर्वरता में सुधार होता है।




#### जीवामृत है पूर्णतः जैविक खाद

जीवामृत खेत की मिट्टी को फिर से सक्रिय और उर्वर बनाता है। यह खेती को रासायनिक निर्भरता से मुक्त कर एक हरित और टिकाऊ विकल्प प्रदान करता है। खास बात है कि इसे किसान घर पर ही कम लागत में आसानी से तैयार कर सकते हैं। इसे बनाने की विधि बेहद सरल है और इसके लिए आवश्यक सामग्री भी आसपास से ही जुटाई जा सकती है। 10 किलो देसी गाय का गोबर, 10 लीटर गोमूत्र, 2 किलो बेसन, 2 किलो गुड़ के साथ थोड़ी मात्रा में पीपल या बरगद के पेड़ के नीचे की मिट्टी और 200 लीटर पानी और एक ड्रम में इन सभी को ड्रम में मिलाकर, लकड़ी की छड़ी से घड़ी की दिशा में घुमाएं, और मिश्रण को दो दिन तक ढंककर रखें। इसके बाद इस घोल को स्प्रे या सिंचाई के जरिए खेतों में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या को बढ़ाता है, जो मिट्टी की उर्वरता में अहम भूमिका निभाते हैं।

# आईसीटी लैब से बदली पढ़ाई की तस्वीर, बच्चों ने ऑनलाइन प्री टेस्ट में दिखाया उत्साह

**नवापारा-राजिम।** आईसीटी लैब युक्त विद्यालय में प्री टेस्ट कराए जाने के लिए समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार राज्य के 1036 विद्यालयों में एडिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से 14 जुलाई से 10 अगस्त तक ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसमें कक्षा 6वीं से 10वीं तक की विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान की आंकलन के लिए प्री टेस्ट जिसमें अंग्रेजी, हिंदी, गणित, सामाजिक विज्ञान तथा कंप्यूटर विषय से संबंधित 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जा रहे है।

इसी के तहत पीएम श्री शासकीय हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा छठवीं से दसवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन परीक्षा दिया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा में बच्चों का परिणाम उत्तम रहा है। बच्चे इस ऑनलाइन परीक्षा को एक अच्छी शैक्षणिक पहल बता रहे हैं। इस परीक्षा में बच्चे बढ़-चढ़ के हिस्सा ले रहे हैं। इस परीक्षा को देने में बच्चे अति उत्साहित नजर आ रहे हैं। प्राचार्य फाखरा खानम दानी एवं प्रधानपाठक आलोक सिंह ठाकुर ने कहा कि ऐसे ही परीक्षा आयोजित लगातार होनी चाहिए इससे बच्चे परीक्षा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे और परीक्षा से उनके मन में डर हमेशा दूर रहेगा। आईसीटी प्रोजेक्ट शाला प्रभारी शिक्षक बल्लुराम देवांगन ने कहा कि शासन द्वारा डिजिटल क्लास में बच्चों को जोड़ना एक कारगर कदम साबित हो रहा है। पढ़ाई की पूरी जानकारी लर्निंग मटेरियल, लोकल होस्ट, एमबीडी के माध्यम से बच्चे नियमित उपयोग करके, डिजिटल तरीके से लाभान्वित हो रहे हैं।

**खास बातें**

- डिजिटल क्लास में तकनीक के साथ सीखने का मिला मौका
- परीक्षा के प्रति आत्मविश्वास और जागरूकता में आया निखार



### ये रहे मौजूद

इस ऑनलाइन परीक्षा का नियमित आंकलन कंप्यूटर शिक्षक किशन सिंह ठाकुर द्वारा एवं जांच प्राचार्य दानी मैम,प्रधानपाठक आलोक ठाकुर, जिला समन्वयक ढाकेंद्र कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर आनंद थापा द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान शाला में अश्वनी साहू, विनोद साहनी, भारत साहू सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के सात ब्लाक अधिकारी की नियुक्ति



**गरियाबंद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में संगठनात्मक मजबूती के लिए मंडल और सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। प्रदेश महामंत्री सकलेन कामदार ने प्रभारियों की सूची जारी की है। जारी सूची में गरियाबंद ब्लाक के राजेश तिवारी, छुरा ब्लाक के सुखचंद बेंसरा, मैनपुर ब्लाक के जितेंद्र ठाकुर, फिंगेश्वर राजिम ब्लाक के ए. समद खान, देवभोग ब्लाक के मनोज साक्षी, अमलीपदर ब्लाक के अनिल चंद्राकर और गरियाबंद नगर के संजय नेताम अध्यक्ष बनाए गए हैं। मंडल एवं सेक्टर गठन के निर्देश ब्लॉक प्रभारी संबंधित ब्लॉक कार्यकारिणी एवं मोर्चा संगठनों के अध्यक्षों के साथ बैठक कर मंडल का सीमांकन करेंगे। प्रत्येक मंडल में 21 सदस्यीय कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया जाएगा। प्रक्रिया में क्षेत्रीय विधायक, पूर्व प्रत्याशी और वरिष्ठ नेताओं से समन्वय सुनिश्चित होगा। गठन में अनुसूचित जाति, आदिवासी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक एवं महिला वर्ग को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। 50 प्रतिशत पदों पर युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही एक व्यक्ति-एक पद नियम लागू होगा। जुलाई तक मंडल कमेटी गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एनएच 353 रोड अरिहंत राईस से पहले एक दुकान में शराब बिक्री की जा रही है। मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति को पकड़ा गया जिसने अपना नाम नाम गौरव राजपूत पिता बबला राजपूत (20 वर्ष) वार्ड नं 14 पोटरपारा बागबाहरा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद बताया। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### किराना व्यवसायी से मारपीट

**महासमुंद।** किराना व्यवसायी से मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि किराना व्यवसायी नवीन अग्रवाल पिता स्व हनुमान अग्रवाल (53 साल) लिमदरहा, चौकी भंवरपुर थाना बसना के दुकान में आकर उमेंद्र प्रजापति नशे में गाली गलौज कर रहा था, जिसे प्रार्थी ने वहां जाने कहा कि इसके बाद 5 बजे के आसपास प्रार्थी बाजार गया, जहां उमेंद्र अचानक आया और गले को पकड़ कर बिंधना(बरारी) से दाहिने सीने पर वार किया। बीचबचाव करने आए छोटे भाई राकेश अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल के साथ भी आरोपी उमेंद्र प्रजापति ने मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### नागरिकों ने 80 एकड़ अनुसंधान भूमि सहित कई विकल्प दिखाए

# फिंगेश्वर में कृषि महाविद्यालय भवनः रायपुर विवि की टीम ने किया भूमि का अवलोकन

हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर





इंदिरा कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अधिकारियों की एक टीम ने नगर में प्रस्तावित कृषि महाविद्यालय के लिए भूमि का अवलोकन 23 जुलाई को किया। नागरिकों ने टीम को 80 एकड़ की अनुसंधान भूमि के साथ-साथ 15-15 एकड़ के दो अन्य भूखंड दिखाए, जिससे फिंगेश्वर में कृषि महाविद्यालय के निर्माण की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

- जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने जताई कॉलेज को लेकर प्रतिबद्धता

कुलपति के निर्देश पर कृषि महाविद्यालय, फिंगेश्वर के लिए जमीन देखने आई जांच टीम का विश्रामगृह पहुँचने पर स्थानीय नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नागरिकों ने टीम को एक के बाद एक कई संभावित भूखंडों का अवलोकन कराया और संबंधित विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध कराई। कृषि विभाग से आई जांच टीम को एक स्थान पर 70 से 80 एकड़ की एकमुश्त जमीन बताई गई, जबकि दो-तीन अन्य भूखंड अलग-अलग स्थानों पर दिखाए गए।

इस इस दौरान नगर विकास समिति के अध्यक्ष भागवत हरित, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, वरिष्ठ नेता अशोक राजपूत, रामूराम साहू, ओमप्रकाश बंछोर, अनिल चंद्राकर, हरिशंकर श्रीवास्तव, कमलेश यदु, जितेंद्र सिंह ठाकुर सहित दर्जनों युवा मौजूद रहे। सभी ने टीम को बताया कि फिंगेश्वर एक तहसील और ब्लॉक मुख्यालय है, जहाँ अस्पताल और पुलिस थाना जैसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। छात्र-छात्राओं के आवागमन के लिए बेहतरीन सड़क व्यवस्था है। उनके रहने के लिए पर्याप्त किराये के मकान भी उपलब्ध हैं जो जमीनें दिखाई गई हैं, वे सभी 1 से आधे किलोमीटर के भीतर स्थित हैं। जिससे छात्रों को आने-जाने में कोई असुविधा नहीं होगी.

नागरिकों ने बताया कि कृषि महाविद्यालय को लेकर विधानसभा में विधायक रोहित साहू द्वारा प्रश्नकाल में फिंगेश्वर में इसे खोलने की मांग की गई थी। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भी फिंगेश्वर में खोलने की बात कही है। उन्होंने जोर दिया कि आज के समय में एकमुश्त इतनी बड़ी जमीन एक ही स्थान पर मिलना मुश्किल होता है। इसके बावजूद फिंगेश्वर में कॉलेज के अनुरूप जमीन उपलब्ध है। इतनी सुविधापूर्ण जगह होने के कारण सभी नागरिक चाहते हैं कि कृषि महाविद्यालय फिंगेश्वर में ही खुले, क्योंकि महाविद्यालय विगत 6 सालों से फिंगेश्वर में पोषित एवं पल्लवित हो रहा है।

जांच टीम ने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि वे अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप देंगे। हालांकि, अधिकारियों की जांच पर संदेह व्यक्त करते हुए नगर के युवाओं ने टीम से कहा कि यदि कॉलेज प्रशासन द्वारा पूर्व में प्रयास किया गया होता तो कब का जमीन मिल जाता, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि टीम औपचारिकता निभाएगी और जांच रिपोर्ट सही नहीं देगी तो सभी नगरवासी धरना प्रदर्शन और उच्च कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे। युवाओं ने बताया कि हाल ही में जिला कलेक्टर को कृषि महाविद्यालय की जमीन के लिए कहा गया था, जिसमें फिंगेश्वर के कृषि महाविद्यालय के डीन ने कृषि कॉलेज की जमीन को अनुपयुक्त बता दिया था। उन्होंने आग्रह किया कि इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। जांच टीम ने आश्वासन दिया कि जो वास्तविक होगा, वे वही जानकारी देंगे।

### इनकी भी रही मौजूदगी

इस अवसर पर समिति के अभिषेक सोनी, अशोक साहू, किरण सोनी, शांति कोसरे, मंजूलता हरित, पद्मा यदु, भुवनेश्वरी साहू, लक्ष्मी श्रीवास्तव, भुवन साहू, प्रेमलाल टोडर, लीलाराम साहू, राकेश सिन्हा, सीमा राजपूत, संतोषी श्रीवास्तव, अशोक सिन्हा, कमलेश कश्यप, युवराज यदु, योगेश राजपूत, अंकुर पहाड़िया सहित दर्जनों युवा उपस्थित थे।

# खड़मा प्री-मेट्रिक छात्रावास में निर्माण ठहराव, छात्रों की सुरक्षा पर संकट



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के ग्राम खड़मा के प्री मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में विगत सत्र में स्वीकृत अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई जिसकी निविदा हो चुकी है। जो निर्माण कार्य हेतु संबंधित ठेकेदार द्वारा अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य हेतु कालम गड्ढे तत्काल खोद कल छोड़ दिया गया है। नया सत्र प्रारंभ हो चुका है लेकिन कक्ष निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है।

खोदे गए गड्ढे से छात्रों को एवं यहां के समस्त कर्मचारियों को असुविधा हो रही है। छात्रावास में वैसे भी खेलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण बच्चे उस खोदे गए गड्ढे में दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।जिसको देखते हुए शासन प्रशासन तत्काल स्वीकृति राशि को संज्ञान में लेते हुए अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करने की मांग की है। वहीं छात्रावास में सीट उन्नयन होकर 50 सीटर हो चुका है। लेकिन 50 सीटर के हिसाब से भवन उपलब्ध नहीं है। इसलिए यहां तत्काल नया भवन का भी अतिआवश्यक है क्योंकि अभी से यहां की दर्ज संख्या बहुत अच्छा है और इसके पहले भी बहुत अच्छा रहता है, यहां की शिक्षा देखें तो पहली से 12 वीं तक का है जहां दुर दराज से विद्यार्थी रहा का शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

- अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य रुका, छात्र एवं कर्मचारी हो रहे परेशान
- बढ़ती छात्र संख्या के लिए नया भवन निर्माण अत्यंत आवश्यक

### अंग्रेजों के जमाने से संचालित है स्कूल

क्षेत्र में खड़मा गांव ही एक ऐसा गांव था जहां अंग्रेज जमाने से स्कूल संचालित है जहां गांव एवं आस-पास के लोग शिक्षा ग्रहण किया है और उच्च पदों पर सुशोभित हुए हैं। जिसको देखते हुए शासन प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर नया भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत कर भवन निर्माण करें। इस संबंध में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग गरियाबंद से दुरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया लेकिन नेटवर्क समस्त होने के कारण बात नहीं हो पाया।

# हरेली छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक

**मैनपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में आज हरेली का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हरेली त्योहार छत्तीसगढ़ में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो श्रावण माह की अमावस्या को मनाया जाता है। यह त्योहार हरियाली और पृथ्वी की उर्वरता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का त्योहार है।



कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी एवं सरस्वती माता की वंदना से की गई। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। कक्षा चौथी के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रार्थना गीत इतनी शक्ति हमें देना दाता की प्रस्तुति दी गई। कक्षा 12वीं की छात्र डिंपल बघेल ने हरेली पावन पर्व के महत्व के बारे में बताया। कक्षा सातवीं और नवमीं की छात्राओं द्वारा कोयली गीत गावे लोकगीत पर एवं कक्षा छठवीं की छात्राओं द्वारा झारा झारा नेवता हे लोकगीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। कक्षा छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा लोक पर्व हरेली को नाटक के माध्यम से प्रस्तुति देकर उसके महत्व के बारे में बताया। संस्था प्रमुख सुश्री वेनुका साहू ने कहा कि हरेली त्योहार छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है।यह न केवल एक कृषि पर्व है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के जीवन दर्शन को भी दर्शाता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भूषण कुमार साहू द्वारा किया गया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर अजय नागेश , राकेश कुमार साहू , परम ज्योति भोई , लेखराज साहू , उत्तम साहू , मुरलीधर साहू , संगीता साहू , अग्निहोत्र साहू , रमेश यदु , तुलेश्वर निषाद , प्रशांत महंत , देविका नेताम , अंजु यदु , लवलित अडिले , लक्ष्मी बघेल , प्रहलाद मरकाम , शैलेश यादव उपस्थित रहे।

# ग्रीन आर्मी पौधारोपण कर शहर को बना रही हरा भरा

**नवापारा-राजिम।** संकल्प निभाना है धरती को हरा भरा बनाना है ऐसे ही विचारों के साथ ग्रीन आर्मी टीम नवापारा की महिलाएं अपने इस संकल्प को लेकर अग्रसर हैं विगत दो वर्षों से इन महिलाओं ने पूरे नवापारा को हरा- भरा करने का संकल्प लिया है।

- ग्रीन आर्मी की महिलाओं ने तैयार किए 1000 से अधिक पौधे
- पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नवापारा बन रहा उदाहरण



बता दें कि ग्रीन आर्मी के अध्यक्ष अमिताभ दुबे, गुरदीप टूटेजा के मार्गदर्शन में 2 वर्ष पूर्व नवापारा-राजिम क्षेत्र में रेणुका तिवारी अध्यक्ष, अंजू अग्रवाल उपाध्यक्ष, दुर्गेश नंदिनी सोनी ब्लू विंग इंचार्ज, गोपेश्वरी साहू ग्रीनविंग इंचार्ज, ओमकुमारी साहू ब्लू विंग इंचार्ज, पिंकी देवांगन ब्राउन विंग इंचार्ज के रूप में कार्यरत हैं। वंदना साहू ग्रीन विंग इंचार्ज, देवकी साहू ब्लू विंग इंचार्ज द्वारा बारिश में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना हैं। इसके तहत इन्होने पूरे गर्मी भर आम ,नीम,नींबू बेल के बीज एकत्र किया है और इन बीजों से पौधे बनाकर टेरिस गार्डन में तैयार कर कर अब तक हजार भर से ज्यादा पौधों का निःशुल्क वितरण किया है। इनके टीम अपने कार्य को लेकर बहुत ही संकल्पित व उत्साहित है। अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण के लिए प्रयासरत हैं।

### नपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में होता है तरह-तरह के कार्यक्रम

नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू के मार्गदर्शन में कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। समय-समय पर सभी आपस में एकजुट होकर ग्रीन आर्मी संस्था के उद्देश्यों को अधिक से अधिक पर्यावरण प्रेमियों तक पहुँचाने के विषय में लोगों को जागरूक करना तथा प्लास्टिक के उपयोग और उसके रीसायकल के बारे में लोगों को जागरूक करना पानी बचाना, पानी की रिसोर्सेज को बचाना और वाटर हार्वेस्टिंग, रेन हार्वेस्टिंग जैसे सिस्टम को लोगों तक बहुत ही सरलता से पहुंचाकर उन्हें अपने घर या मकान पर बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

कई प्रकार के छोटे-छोटे आयोजन भी किए जाते हैं जिससे प्रेरणा मिल सके। मालूम हो कि नवापारा शहर को हरा-भरा बनाने के इस कार्य में पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल के सानिध्य में यह कार्य निरंतर प्रगति पर है। श्री गोयल ने पूरे टीम की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के इस कार्य को और भी बड़े पैमाने पर आयोजित करने में वे अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

### डिजिटल युग के खतरों से निपटने और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी

# ऑनलाइन अपराधों से बचाव के लिए स्कूलों में साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क परसुली और शासकीय हाईस्कूल मालगांव में साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन आज किया गया। डिजिटल युग में ऑनलाइन अपराधों से बचाव के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग ने आयोजित किया। कलेक्टर भगवान सिंह उईके और पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा के निर्देश पर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) की जिला मिशन समन्वयक मनीषा वर्मा के नेतृत्व में किया गया.

- महिला एवं बाल विकास और पुलिस विभाग ने मिलकर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

प्रशिक्षण सत्र में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि



इंटरनेट का उपयोग आज हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है, लेकिन इसके साथ ही साइबर क्राइम यानी इंटरनेट के माध्यम से किए जाने वाले अपराधों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। साइबर क्राइम के अंतर्गत आने वाले विभिन्न खतरों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी, बैंकिंग जालसाजी, मैलवेयर, रैनसमवेयर, सॉफ्टवेयर चोरी, डी-डॉस हमले और साइबर जासूसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उनसे बचाव के तरीके बताए गए. इसके अलावा, महिला एवं बाल विकास विभाग की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी साझा की गई। इनमें महिला हेल्प लाइन नं. 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, बाल विवाह से संबंधित जानकारी, कार्य स्थल पर महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, सखी वन स्टॉप सेंटर, और गुड टच-बेड टच जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई. साइबर अपराधों से संबंधित हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारे में भी बताया गया।

### इनका रहा योगदान

इस दौरान पुलिस विभाग की साइबर सेल से विरेंद्र सिंह, तिलेश राय, भूपेंद्र दीवान, सुशील पाठक और नवा बिहान संरक्षण अधिकारी लता पटेल मौजूद रहे. महिला सशक्तिकरण केंद्र से श्वेता शुक्ला, जेंडर विशेषज्ञ अंजलि नाविक, परियोजना समन्वयक श्याम सुंदर नायक, केस वर्कर सुमन तिवारी, राज सिदार, पैरालिगल निशा नेताम, तथा स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण और समस्त छात्राओं का इस कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा।

